**BELIEVERS EASTERN CHURCH**
St. Thomas Nagar, Kuttapuzha P.O.,
Tiruvalla, Kerala, India - 689 103
Ph: (0469) 2630654, 2630771
Fax: (0469) 2630273
www.bec.org
email: info@bec.org

BELIEVERS EASTERN CHURCH

# परिपत्र

EN/04/24 May 28th 2024.

**मेरे प्रिय भ्राता एपिस्कोपागण, याजकगण और पवित्र कलीसिया के विश्वासीगण,**

पिता परमेश्वर, पुत्र एवं हमारे प्रभु यीशु मसीह की ओर से अनुग्रह, दया और शान्ति, सदा-विद्यमान पवित्र आत्मा के माध्यम से, आपके संग सदा बनी रहे।

हमारे प्रिय आत्मिक पिता, हिज़ होलीनैस मेट्रोपॉलिटन अथनेशियस योहान प्रथम हमारे मध्य से प्रस्थान किए हुए को दो सप्ताह से अधिक जो चुके हैं। उनके अथक परिश्रम, प्रभु के प्रति प्रेम, और वर्षों से उनके मार्गदर्शन के प्रति हमारे गहरी कृतज्ञता और हार्दिक सराहना को शब्द बयान नहीं कर सकते। जबकि हम सबको इस अचानक क्षति से गहरा दुख हुआ है, यह जानते हुए हम सांत्वना पाते है कि हम आशाहीन होकर दुःखी नहीं होते हैं, जैसे कि 1 थिस्सलुनीकियों 4:16 में संत पौलुस हमें स्मरण दिलाते हैं।

हिज़ होलीनैस मेट्रोपॉलिटन अथनेशियस योहान प्रथम के विश्राम हेतु प्रस्थान और तत्पश्चात विदाई के मध्य, हमारी सम्पूर्ण कलीसियाई परिवार, हमारे द्वारा साझा की जाने वाली अविश्वसनीय एकता और प्रेम को प्रदर्शित करने के लिए एकजुट हुआ। इसके प्रति आप प्रत्येक को हम अपनी अत्यधिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

हमारे प्रिय मेट्रोपॉलिटन हिज़ होलीनैस अथनेशियस योहान प्रथम का सम्मान करने के लिए आपने जो समय निकाला और जो बलिदान दिया, अत्यधिक हृदय-स्पर्शनीय और अर्थपूर्ण रहा। आपकी उपस्थिति, प्रार्थनाएं, और बस, ट्रेन, किराये के वाहनों और अन्य साधनों से अंतिम विधि में शामिल होने के लिए दूर से यात्रा करने का आपका अविश्वसनीय प्रयास का एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

हमारी कलीसिया की परम्पराओं के अनुसार, हमारी कलीसिया के सभी डयोसिसन ऑफ़िसों और पैरिशों में, 8 मई से लेकर, 40 दिन का शोक मनाया जा रहा है। इसी दौरान, हमारे चर्चों में प्रिय मेट्रोपॉलिटन हिज़ होलीनैस अथनेशियस योहान प्रथम का एक छायाचित्र रखा जाएगा, और उनकी प्रेमपूर्ण स्मृति में प्रार्थनाएँ की जाएंगीं।

**BELIEVERS EASTERN CHURCH**
St. Thomas Nagar, Kuttapuzha P.O.,
Tiruvalla, Kerala, India - 689 103
Ph: (0469) 2630654, 2630771
Fax: (0469) 2630273
www.bec.org
email: info@bec.org



## कुछ महत्वपूर्ण विषय :

जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, हमारी कलीसिया के कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर आपके हार्दिक सहयोग का हम अनुरोध करते हैं, जो नीचे दिए गए हैं :

**शोक सभाएँ :** विश्राम हेतु प्रस्थान कर चुके हमारे मेट्रोपॉलिटन हिज़ होलीनैस अथनेशियस योहान प्रथम के जीवन और विरासत की धन्य स्मृति को याद करने और सम्मान करने के लिए, प्रत्येक डयोसिस को एक सार्वजनिक शोक सभा आयोजित करना चाहिए, जिसमें सभी प्रमुख कलीसियाओं के अध्यक्षों, महत्वपूर्ण मसीही संस्थाओं के अगुओं, समाज के प्रमुख व्यक्तियों को, जिनमें आपके क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधि — सांसद, विधायक व् अन्य प्रतिष्ठित और प्रभावशाली व्यक्तित्व और हमारी कलीसिया के शुभचिंतक शामिल हैं, — आमंत्रित किया जाना चाहिए।

**चालीस-दिवसीय स्मारक सभा :**

हमारे प्रिय मेट्रोपॉलिटन अथनेसियस योहान प्रथम की स्मृति को संजोने के लिए, हम रविवार, 16 जून, 2024 को दुनिया भर की हमारी कलीसिया के सभी डयोसिसन ऑफ़िसों, संस्थानों और पैरिशों में उनके सम्मान में एक विशेष चालीस-दिवसीय स्मारक सभा आयोजित करने का अनुरोध करते हैं।

**उनकी विरासत को संरक्षित करना :**

हमारे माननीय मेट्रोपॉलिटन की विस्मरणीय स्मृति और विरासत को जीवित रखने के लिए, हम आपको अपने डयोसिसन ऑफ़िसों, संस्थानों, स्थानीय कलीसियाओं और घरों में फ़्रेमयुक्त फ़ोटो रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम आपको इन चित्रों की उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाली डिजिटल फ़ोटो छपवाने और फ़्रेम करने के लिए सुझाए गए शीर्षकों के साथ भेजेंगे।

**अगले मेट्रोपॉलिटन का चयन :**

चालीस दिवसीय स्मारक सभा के संपन्न होते ही, 17 जून 2024 से, कलीसियाई मुख्यालय, सेंट थॉमस कंम्यूनिटी, कुट्टापुषा पी.ओ. तिरुवल्ला, केरल, भारत में पवित्र सिन:ड बुलाई जाएगी। इस सभा के दौरान, पवित्र सिन:ड प्रार्थनापूर्वक हमारी कलीसिया के लिए अगले मेट्रोपॉलिटन का चयन करेगी, चुने गए उत्तराधिकारी की स्थापना समारोह के लिए एक समयरेखा स्थापित करेगी, और हमारे प्रिय मेट्रोपॉलिटन अथनेसियस योहान प्रथम की विरासत का सम्मान करते हुए कलीसिया के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेगी। हम अनुरोध करते हैं कि हमारे सभी विश्वासीगण इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए एकजुट होकर उत्साहपूर्ण और निरंतर प्रार्थना में शामिल हों।

BELIEVERS EASTERN CHURCH
St. Thomas Nagar, Kuttapuzha P.O.,
Tiruvalla, Kerala, India - 689 103
Ph: (0469) 2630654, 2630771
Fax: (0469) 2630273
www.bec.org
email: info@bec.org

BELIEVERS EASTERN CHURCH

## आइए हम एक साथ प्रार्थना करें :

जैसे ही हम इस विशाल परिवर्तन से गुजर रहे हैं, हम आपको नीचे दिए गए विषयों के लिए उत्साहपूर्ण प्रार्थना में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं:

1. **अगले मेट्रोपॉलिटन का चयन और नियुक्ति :** पवित्र आत्मा, जिसने अतीत में पवित्र कलीसिया का मार्गदर्शन किया है, पवित्र सिन:ड के सदस्यों को दिव्य ज्ञान, विवेक और मार्गदर्शन प्रदान करे कि ऐसे एक बिशप को चुने जो हमारी कलीसिया के प्रति उसके प्रेम और दर्शन के साथ चरवाही करे।

2. **हमारे मिशन की निरंतर सफ़लता :** परमेश्वर की निरंतर कृपादृष्टि हमारे सभी प्रयासों पर बनी रहे, जैसे कि हम शब्दों और कार्यों से परमेश्वर के प्रेम को साझा करने का प्रयास करते हैं।

3. **एकता और स्थिरता :** जब हम परमेश्वर के प्रति प्रेम में अपनी विविधता को मनाते हुए, प्रेम, शांति और अधीनताई में पूर्ण सहयोग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, हम कलीसियाई समुदाय के भीतर एकता और स्थिरता पा सकें।

4. **परमेश्वर की सेवा करने वाले युवा :** हमारी कलीसिया के युवा पुरुष और महिलाएं परमेश्वर के आह्वान का प्रतिउत्तर दें और पवित्र कलीसिया की सेवा और हमारे डयोसिसन सेमिनरी, सिस्टर्स ऑफ़ द क्रॉस (एस ओ सी) प्रशिक्षण केंद्रों और मेजर सेमिनरी (एस आई टी एस) में प्रशिक्षित होने को चुनें।

5. **सिस्टर्स ऑफ़ द क्रॉस (एस ओ सी) की समर्पण विधि और नियुक्ति :** सिस्टर्स ऑफ़ द क्रॉस (एस ओ सी) की आगामी समर्पण विधि और नियुक्ति के लिए परमेश्वर मार्गदर्शन और बुद्धि प्रदान करे और परमेश्वर जरूरतमंदों के लिए अपने प्रेम और संदेश को पहुँचाने के लिए उनकी प्रतिभाओं और समर्पण का उपयोग करे।

6. **पवित्र सिन:ड के सदस्य :** जैसे वे प्रार्थनापूर्वक पवित्र कलीसिया का नेतृत्व करने की ज़िम्मेदारियाँ लेते हैं और पवित्र कलीसिया के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं, परमेश्वर उन्हें बुद्धि, अनुग्रह, अच्छा स्वास्थ्य और भावात्मक और आत्मिक शक्ति प्रदान करे।

पिता परमेश्वर का प्रेम, हमारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह, और पवित्र आत्मा की सहभागिता आप सभी के साथ अब और सर्वदा रहे। +

ST. THOMAS NAGAR, KUTTAPUZHA P.O. BELIEVERS EASTERN CHURCH THIRUVALLA-3, KERALA

+ सैम्युअल मॉर थियोफ़िलस एपिस्कोपा
मेट्रोपॉलिटन लोकम टेनेंस